13619 - रोज़ा में टूथपेस्ट का इस्तेमाल

प्रश्न

क्या रोज़े की हालत में ब्रश और टूथपेस्ट के द्वारा दांतों को साफ करना जायज़ है? मेरी जानकारी के हिसाब से यह जायज़ है जबकि टूथपेस्ट पेट तक न पहुँचता हो (यानी उसे निगला न जाता हो)। आप से अनुरोध है कि इस विषय में अपनी राय दें।

विस्तृत उत्तर

आदरणीय शैख इब्ने बाज़ रहिमहुल्लाह से टूथपेस्ट इस्तेमाल करने के बारे में प्रश्न किया गया तो उन्हों ने फरमाया : इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है जबकि उसमें से कुछ भी निगलने से बचाव किया जाए, जिस तरह कि रोज़ादार के लि मिसवाक का इस्तेमान करना धर्म संगत है।

''फतावा शैख इब्न बाज़'' (4/247).

तथा शैख मुहम्मद अस्सालेह इब्ने उसैमीन कहते हैं :

इस पर यह मसअला निकलता है कि : क्या रोज़ादार के लिए ब्रश और टूथपेस्ट इस्तेमाल करना जायज़ है या नहीं ?

इस का जवाब यह है कि : जायज़ है, लेकिन बेहतर यह है कि उसका इस्तेमाल न किया जाए क्योंकि टूथपूस्ट में गले तक पहुँचने की ताक़त होती है, और उसे दिन में करने के बजाय रात में करना चाहिए।

''अश-शरहुल मुम्ते'' इब्न उसैमीन (6/407, 408).